रोल नं.
Roll No. 

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
No. of printed pages : 15

**132** **432 (ICB)**

# 2024

# लेखाशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80
Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 80

निर्देश : (i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है : 'क', 'ख' और 'ग'।

**Directions :** This question paper is divided into three parts : 'A', 'B' and 'C'.

(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

Part 'A' is **compulsory** for all candidates.

(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई एक भाग हल करना है।

Any one part from Parts 'B' and 'C' is to be attempted.

(iv) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(vi) प्रश्न संख्या 1 तथा 18 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

Question No. 1 & 18 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book.

(vii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## भाग -'क' (लेखाशास्त्र)

## Part-'A' (Accountancy)

1. (क) फर्म के समापन पर सभी सम्पत्तियों का शेष वसूली खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाता है : 1

(i) पुस्तक मूल्य पर (ii) बाजार मूल्य पर

(iii) क्रय मूल्य पर (iv) इनमें से कोई नहीं

The balance of all assets are transferred to Realisation account in firm's dissolution :

(i) On book value (ii) On market value

(iii) On purchase value (iv) None of these

(ख) P, Q और R 5:4:1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं। P फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। P के अवकाश ग्रहण करने के बाद Q तथा R का लाभ-प्राप्ति अनुपात होगा : 1

(i) 1:4 (ii) 1:1 (iii) 4:1 (iv) 4:4

P, Q and R are partners sharing profits in the ratio of 5:4:1. P retires from the firm. After the retirement of P the gaining ratio of Q and R will be :

(i) 1:4 (ii) 1:1 (iii) 4:1 (iv) 4:4

(ग) एक साझेदारी फर्म में साझेदारों का दायित्व होता है : 1

(i) सीमित (ii) असीमित (iii) संयुक्त दायित्व (iv) इनमें से कोई नहीं

The liability of partners in a partnership firm is -

(i) Limited (ii) Unlimited (iii) Joint Liability (iv) None of these

(घ) अपहृत अंशों के पुनः निर्गमन पर हुए लाभ को किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है? 1

(i) बोनस अंश खाता (ii) पूँजी संचय खाता

(iii) सामान्य संचय खाता (iv) अंश पूँजी खाता

The profit on reissue of forfeited shares is transferred to which account?

(i) Bonus Share A/c (ii) Capital Reserve A/c

(iii) General Reserve A/c (iv) Share Capital A/c



download from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ङ) ऐसे ऋणपत्र जिनका भुगतान अदायगी न कर पाने की स्थिति के उद्देश्य से कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्रभार होता है, वे हैं - 1

(i) रक्षित ऋणपत्र (ii) अरक्षित ऋणपत्र

(iii) परिवर्तनीय ऋणपत्र (iv) अपरिवर्तनीय ऋणपत्र

Such debentures which have charge on asset of company for the purpose of payment in case of default. They are -

(i) Secured debentures (ii) Unsecured debentures

(iii) Convertible debentures (iv) Non-convertible debentures

(च) अधिकृत पूँजी का वह भाग जो जनता के लेने के लिए निर्गमित किया जाता है, को कहते हैं : 1

(i) प्रार्थित पूँजी (ii) याचित पूँजी

(iii) निर्गमित पूँजी (iv) संचित पूँजी

The portion of the authorised capital which is issued for subscription of the public is called-

(i) Subscribed capital (ii) Called up capital

(iii) Issued Capital (iv) Reserve capital

**निर्देश :** प्रश्न संख्या -1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Directions :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(छ) **अभिकथन (A) :** एक साझेदारी फर्म में अधिकतम 50 साझेदार हो सकते हैं।

**कारण (R) :** भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 में साझेदारों की अधिकतम सीमा निर्धारित है। 1

**Assertion (A) :** A partnership firm can have a maximum of 50 partners.

**Reason (R) :** Maximum limit of partners is prescribed in Indian Partnership Act, 1932.

(ज) **अभिकथन (A) :** यदि साझेदारी संलेख में ब्याज वसूलने का प्रावधान नहीं है तो साझेदार को दिए गए ऋण पर 6% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लिया जाता है।

**कारण (R) :** साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधान लागू होते हैं। इस प्रकार, साझेदार को दिए गए ऋण पर 6% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लिया जाना चाहिए, अन्यथा, सहमत ब्याज दर पर ब्याज की अनुमति है। 1

**Assertion (A) :** Interest on loan to partner is charged@6% p.a. if Partnership Deed does not provide for the charging of interest.

**Reason (R) :** In the absence of Partnership Deed, provision of the Partnership Act, 1932 apply. Thus interest on loan to partner should be charged@6% p.a. otherwise, interest is allowed at the agreed rate of interest.

नोट : प्रश्न संख्या 2 तथा 3 में दिये गए कथनों के सम्मुख **'सत्य'** अथवा **'असत्य'** अंकित कर उन्हें अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

**Note :** In Question No. 2 & 3, mark **'True'** or **'False'** against the given statements and write them in your answer book.

2. फर्म के विघटन पर फर्म की पुस्तकों में वसूली खाता नहीं वरन् पुनर्मूल्यांकन खाता बनाया जाता है। 1

   In the books of the firm at the time of dissolution of the firm revaluation account is opened and not the realisation account.

3. कम्पनी जब्त किये गये अंशों को बट्टे पर पुनःनिर्गमित नहीं कर सकती है। 1

   The company cannot re-issue the forfeited shares at discount.

4. पूँजी का वह भाग जो कि कम्पनी के समापन के समय माँगा जाता है, क्या कहलाता है? 1

   What is called the part of capital which is called up only on winding up of company.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

5. सेबी के दिशा-निर्देश के अनुसार पूँजी का 'न्यूनतम अभिदान' जारी की गई राशि का कितने प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए? 1

According to SEBI guidelines, the 'minimum subscription' of the capital should not be less than what percentage of the issued amount?

6. A और B 3:2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हुए साझेदार हैं। C को नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जाता है। A अपने हिस्से का 1/2 और B अपने हिस्से का 1/3 भाग C के पक्ष में त्याग करते है। नया लाभ-हानि विभाजन अनुपात की गणना कीजिए। 2

A and B are partners sharing profit - loss in the ratio of 3:2. C is admitted as new partner. A surrenders 1/2 and B surrenders 1/3 part of their share in favour of C. Calculate the new profit-loss sharing ratio.

7. साझेदारी संलेख के अभाव में, निम्न के सम्बन्ध में क्या नियम है : 2

(i) लाभ विभाजन का अनुपात

(ii) साझेदारों की पूँजी पर ब्याज

In the absence of Partnership Deed, what are the rules relating to-

(i) Profit sharing Ratio

(ii) Interest on Partners' capital

8. 'अधि-अभिदान' और 'अल्प-अभिदान' में अन्तर बताइए। 2

Distinguish between over-subscription and under-subscription.

9. स्वैट समता अंश से क्या अभिप्राय है? 2

What is meant by sweat equity shares?

10. A और B एक फर्म में साझेदार है जो लाभ व हानि को बराबर-बराबर बाँटते हैं। 1 अप्रैल, 2021 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 20,000 तथा ₹ 16,000 थी। वर्ष 2021-22 के दौरान पूँजी पर बिना ब्याज निकाले शुद्ध लाभ ₹ 10,000 था। प्रत्येक साझेदार को प्राप्त होने वाली राशि निकालें। जब साझेदारी संलेख लाभ-वितरण के पूर्व पूँजी पर 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की स्वीकृति देता हो। 4

A and B are partners in a firm sharing profits and losses equally. On 1st April, 2021 their capitals were ₹ 20,000 and ₹ 16,000 respectively. The net profit during the year 2021-22 without charging interest on capital amounted to ₹ 10,000. Calculate the amount to which each partner is entitled. When partnership deed allows interest at the rate of 5% p.a. on the capital before distribution of profits.



StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

11. अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभों को समान अनुपात में बाँटते हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 80,000, ₹ 60,000 व ₹ 40,000 हैं। साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर ब्याज की दर 10% वार्षिक है। पूँजी पर ब्याज का प्रावधान नहीं किया गया और वर्ष के ₹ 90,000 के लाभ को वितरित कर दिया गया। आवश्यक समायोजना प्रविष्टि कीजिए। 4

A, B and C are partners in a firm sharing profits equally. Their capitals are ₹ 80,000, ₹ 60,000 and ₹ 40,000 respectively. As per partnership deed interest on capital @ 10% annually. Interest on capital was not provided and profit for the year ₹ 90,000 were distributed. Do the necessary adjustment entry.

**अथवा/OR**

त्याग अनुपात क्या है? इसकी गणना क्यों की जाती है?

What is sacrificing ratio? Why is it calculated?

12. 1 अप्रैल, 2022 को राम, सत्यम लि. के प्रत्येक ₹ 10 वाले 500 अंशों के धारक थे। उसने ₹ 4 प्रति अंश की दर से भुगतान किया था, उसी तिथि को संचालकों की एक सभा में प्रथम एवं अन्तिम याचना क्रमशः ₹ 2 तथा ₹ 4 प्रति अंश की दर से न चुकाये जाने के कारण उसके अंशों का हरण कर लिया गया। 1 मई, 2022 को ये अंश श्याम को ₹ 4,500 में पूर्णदत्त रुप में पुनर्निर्गमित कर दिये गये। कम्पनी की पुस्तकों में हरण एवं पुनर्निर्गमन के रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

On 1st April, 2022 Ram, was the holder of 500 shares of ₹ 10 each of Satyam Ltd. He has paid at the rate of ₹ 4 per share. At a meeting of the Directors held on that day his shares were forfeited for non-payment of the first and final calls of ₹ 2 and ₹ 4 per share respectively. On 1st May, 2022, these shares were reissued to Shyam for ₹ 4,500 as fully paid. Give the Journal entries for recording forfeiture and reissue in the books of the company.

13. एक्स लिमिटेड ने एक मशीन वाई लिमिटेड से ₹ 4,00,000 में क्रय की और भुगतानस्वरूप 100 प्रति अंश की दर से अंश निर्गमित किये। क्या प्रविष्टि की जाएगी यदि अंशों का निर्गमन -

(अ) सममूल्य पर हो।

(ब) 10% प्रीमियम पर हो। 4

X Limited purchased a machinery from Y Limited for ₹ 4,00,000 and issued shares of ₹ 100 p.s. for payment. What will be the entries passed if the shares are issued:

(a) at par

(b) at 10% premium

**अथवा/OR**



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

ऋणपत्र से आप क्या समझते हैं? ऋणपत्रों के निर्गमन के तीन प्रकारों का वर्णन करिये।

What do you mean by debentures? Explain the three types of issue of debentures?

14. M एवं N साझेदार थे और लाभों का विभाजन 3:2 के अनुपात में करते थे। विघटन की तिथि पर उनकी पूँजियाँ थी- M : ₹ 7,650 N : ₹ 4,300 । लेनदारों की राशि ₹ 27,500 थी। रोकड़ शेष ₹ 760 था। सम्पत्तियों से ₹ 25,430 वसूल हुए, समापन व्यय ₹ 1,540 थे, सभी साझेदार शोधक्षम्य हैं। वसूली खाता, पूँजी एवं रोकड़ खाता दिखाते हुए फर्म की पुस्तकें बन्द कीजिए। 6

M and N were partners sharing profits in the ratio of 3:2. On the date of dissolution their capitals were - M : ₹ 7,650 N : ₹ 4,300. The creditors amounted to ₹ 27,500. The balance of cash was ₹ 760. The assets realised ₹ 25,430, the expenses on dissolution were ₹ 1,540. All partners were solvent.

Close the books of the firm, showing the Realisation Account, Capital Account and Cash Account. 6

15. निम्नलिखित की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए :

(अ) एक ऋणपत्र ₹ 95 पर निर्गमित, ₹ 100 पर शोधनीय

(ब) एक ऋणपत्र ₹ 95 पर निर्गमित, 105 पर शोधनीय

(स) एक ऋणपत्र ₹ 100 पर निर्गमित, 105 पर शोधनीय।

(द) एक ऋण पत्र ₹ 105 पर निर्गमित, ₹ 100 पर शोधनीय।

प्रत्येक ऋण पत्र का अंकित मूल्य ₹ 100 है।

Journalise the transactions given below :

(A) A debenture issued at ₹ 95, repayble at ₹ 100.

(B) A debenture issued at ₹ 95, repayble at ₹ 105.

(C) A debenture issued at ₹ 100, repayble at ₹ 105.

(D) A debenture issued at ₹ 105, repayble at ₹ 100.

The face value of debentures in each is ₹ 100.

**अथवा/OR**

'अंश' का क्या तात्पर्य है? विभिन्न प्रकार के अंशों का स्पष्ट रूप से विवेचन कीजिए।

What is meant by 'Share'? Discuss clearly the various kind of shares.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

16. अ और ब एक फर्म में साझेदार थे। उनका लाभ विभाजन अनुपात 2:1 था। फर्म का 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष का आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार है : 6

| दायित्व | | धनराशि | सम्पत्ति | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| देय विपत्र | | 5,000 | रोकड़ हाथ में | 5,000 |
| विभिन्न लेनदार | | 29,000 | रोकड़ बैंक में | 20,000 |
| अदत्त व्यय | | 1,000 | विभिन्न देनदार | 30,000 |
| पूँजी खाते : | | | रहतिया | 20,000 |
| अ | 90,000 | | प्लाण्ट | 50,000 |
| ब | 75,000 | 1,65,000 | भवन | 75,000 |
| | | 2,00,000 | | 2,00,000 |

'स' को निम्न शर्तों पर नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया :

1. 'स' फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए ₹ 50,000 पूँजी और ₹ 30,000 ख्याति के रूप में लाया।
2. रहतिया में ₹ 2,000 की वृद्धि करनी है।
3. देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋण के प्रावधान बनाया जाएगा।
4. ₹ 500 के लेनदारों का अभिलेखन नहीं किया गया है।

पुनर्गठित फर्म के पुनर्मूल्यांकन खाता व साझेदारों के पूँजी खाते तैयार करें।

A and B were partners in a firm. Their profit sharing ratio was 2:1. The balance sheet of firm for the year ending 31st March, 2020 is as follows :

| Liabilities | | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|---|
| Bills Payables | | 5,000 | Cash in hand | 5,000 |
| Sundry creditors | | 29,000 | Cash at bank | 20,000 |
| Outstanding Expenses | | 1,000 | Sundry debtors | 30,000 |
| Capital Accounts : | | | Inventory | 20,000 |
| A | 90,000 | | Plant | 50,000 |
| B | 75,000 | 1,65,000 | Building | 75,000 |
| | | 2,00,000 | | 2,00,000 |

C was admitted as a new partner on the following terms :

1. C brought ₹ 50,000 as capital and ₹ 30,000 as goodwill for 1/4th share in the profits of the firm.
2. Inventory is to be increased by 2,000.
3. Provision for doubtful debts will be mode on debtors @ 5%.
4. ₹ 500 of creditors were not recorded.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Account of reconstituted firm.

**अथवा/OR**



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

साझेदार के अवकाश ग्रहण से आप क्या समझते हैं? अवकाश ग्रहण के समय ख्याति के सम्बन्ध में क्या नियम है? इन्हें समझाने के लिए आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिये।

What do you mean by Retirement of a Partner? What are the rules relating to valuation of Goodwill at the time of retirement? Give necessary entries to illustrate these rules.

17. रंजन इंटरप्राइजेज एक साझेदारी व्यवसाय है जिसमें राम, श्याम और मोहन साझेदार हैं, जो विद्युत वस्तुओं और उपकरणों के उत्पादन और बिक्री में लगे हुए हैं। उनका पूँजी योगदान क्रमशः ₹ 5,00,000, ₹ 5,00,000 और ₹ 8,00,000 तथा लाभ विभाजन अनुपात 5:5:8 था।

चूंकि वे अब अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाह रहे हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि वे अपनी संबंधित पूँजी को दोगुना करने के लिए पर्याप्त नकदी लाएंगे। राम और श्याम ने इसका विधिवत पालन किया लेकिन अपरिहार्य कारणों से मोहन ऐसा नहीं कर सका और यह सहमति हुई कि आवश्यक पूँजी की कमी को पूरा करने के लिए एक नये साझेदार को शामिल किया जाना चाहिए जो उतनी राशि लाएगा जितनी मोहन नहीं ला सका और नए साझेदार को मोहन के आधे हिस्से के बराबर लाभ का हिस्सा मिलेगा जिसका त्याग केवल मोहन द्वारा किया जायेगा, परिणामस्वरूप इस समझौते के तहत सोहन को साझेदारी में प्रवेश दिया गया और उसके द्वारा अपने हिस्से की पूँजी तथा ख्याति के प्रीमियम के रूप में ₹ 3,00,000 दिये गये।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i) राम, श्याम, मोहन और सोहन का नया लाभ विभाजन अनुपात क्या होगा? 1

(अ) 1 : 1 : 1 : 1 (ब) 5 : 5 : 8 : 8

(स) 5 : 5 : 4 : 4 (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) नये साझेदार सोहन द्वारा लाई गई पूँजी की धनराशि क्या होगी? 1

(अ) ₹ 5,00,000 (ब) ₹ 8,00,000

(स) ₹ 4,00,000 (द) ₹ 3,00,000

(iii) फर्म के ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। 2

(iv) सोहन द्वारा लाए गए ख्याति के प्रीमियम के लिए जर्नल प्रविष्टि कीजिए। 2

Ranjan enterprises is a partnership business with Ram, Shyam and Mohan as partners engaged in production and sales of electrical items and equipments. Their capital contributions were ₹ 5,00,000, ₹ 5,00,000 and ₹ 8,00,000 respectivily with the profit sharing ratio of 5:5:8.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

As they are now looking forward to expanding their business, it was decided that they would bring in sufficient cash to double their respective capital. This was duly followed by Ram and Shyam but due to unavoidable reasons Mohan could not do so and ultimately it was agreed that to bridge the shortfall in the required capital a new partner should be admitted who would bring in the amount that Mohan could not bring and that the new partner would get share of profit equal to half of Mohan's share which would be sacrificed by Mohan only. Consequently to this agreement Sohan was admitted and be brought in the required capital and ₹ 3,00,000 as premium for goodwill.

Based on the above information you are required to answer the following questions -

(i) What will be the new profit sharing ratio of Ram, Shyam, Mohan and Sohan?

(a) 1 : 1 : 1 : 1 (b) 5 : 5 : 8 : 8

(c) 5 : 5 : 4 : 4 (d) None of the above

(ii) What is the amount of capital brought in by the new partner Sohan?

(a) ₹ 5,00,000 (b) ₹ 8,00,000

(c) ₹ 4,00,000 (d) ₹ 3,00,000

(iii) Calculate the value of the goodwill of the firm?

(iv) Do the journal entry for the Premium for goodwill brought in by Sohan?

**भाग -'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)**

**Part-'B' (Analysis of Financial Statements)**

18. (क) लेखा वर्ष के बीच व्यवसाय के रोकड़ शेष में हुए परिवर्तन के कारणों की व्याख्या करने हेतु कौन-सा वित्तीय विवरण बनाया जाता है? 1

(i) लाभ-हानि खाता (ii) आर्थिक चिट्ठा

(iii) कोष प्रवाह विवरण (iv) रोकड़ प्रवाह विवरण

Which of the following financial statement is prepared to analyse the reasons of changes in balances of cash during accounting year.

(i) Profit and Loss A/c (ii) Balance Sheet

(iii) Fund Flow Statement (iv) Cash Flow Statement



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ख) ऋण-समता अनुपात है : 1

(i) तरलता अनुपात (ii) शोधन क्षमता अनुपात

(iii) लाभ प्रदता अनुपात (iv) इनमें से कोई नहीं

Debt-Equity Ratio is-

(i) Liquidity Ratio (ii) Solvency Ratio

(iii) Profitability Ratio (iv) None of these

नोट : प्रश्न संख्या 19 तथा 20 में दिये गए कथनों के सम्मुख **'सत्य'** अथवा **'असत्य'** अंकित कर उन्हें अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

**Note :** In Question No. 19 & 20, mark **'True'** or **'False'** against the given statements and write them in your answer book.

19. चालू सम्पत्ति एवं चालू दायित्व का आदर्श अनुपात 2:1 है। 1

Ideal ratio of current assets and current liabilities is 2:1

20. रोकड़ प्रवाह विवरण कुछ और नहीं बल्कि रोकड़ बजट ही है। 1

Cash flow statement is nothing but a cash budget.

21. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइये। 2

Give any two uses of cash flow statement.

22. अमित लि. के निम्नलिखित शेष थे :

| | |
|---|---|
| 2013 के अन्त में विनियोग | 40,000 |
| 2014 के अन्त में विनियोग | 33,200 |

वर्ष के दौरान कम्पनी ने 25% विनियोग ₹ 9000 के लाभ पर बेचे थे। यदि कम्पनी ने वर्ष में ₹ 20,000 का लाभ अर्जित किया है तो संचालन क्रियाओं और निवेश क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए। 4

Amit Ltd. had the following balances :

| | |
|---|---|
| Investment at the end of 2013 | 40,000 |
| Investment at the end of 2014 | 33,200 |

During the year the company had sold 25% of its investments at a profit of



StudentSuvidha.com downloaded from

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

₹ 9,000. Calculate cash from Operating Activities and Investing Activities, if the company had earned a profit of ₹ 20,000 during the year.

23. निम्नलिखित सूचनाओं से देनदार आवर्त अनुपात की गणना कीजिए - 4

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारम्भिक देनदार | 24,000 |
| अन्तिम देनदार | 36,000 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 1,68,000 |
| विक्रय वापसी | 12,000 |

Calculate Debtors Turnover Ratio from the following information :

| | ₹ |
|---|---|
| Opening Debtors | 24,000 |
| Closing Debtors | 36,000 |
| Cash Received from Debtor | 1,68,000 |
| Sales Returns | 12,000 |

**अथवा / OR**

अनुपात विश्लेषण क्या है? इसके उद्देश्यों की विवेचना कीजिए।

What is ratio analysis? Discuss its objectives.

24. टाटा कारपोरेशन के अभिलेखों से निम्न समंक 31 दिसम्बर 2018 को प्राप्त किये गये हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| रोकड़ | 25,000 |
| देनदार (शुद्ध) | 12,000 |
| स्कन्ध | 8,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 2,000 |
| लेनदार | 12,000 |
| देयविपत्र | 3,000 |
| बिक्री | 53,000 |
| क्रय | 34,000 |
| क्रय वापसी | 750 |

उक्त सूचना के आधार पर निम्न की गणना कीजिए : 6

(क) कार्यशील पूँजी अनुपात

(ख) चालू अनुपात

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ग) स्कन्ध आवर्त

(घ) देय आवर्त

The following data are being taken from the records of Tata Corporation as on 31st December, 2018-

| | ₹ |
|---|---|
| Cash | 25,000 |
| Debtors (net) | 12,000 |
| Inventory | 8,000 |
| Prepaid Expenses | 2,000 |
| Creditors | 12,000 |
| Bills Payable | 3,000 |
| Sales | 53,000 |
| Purchases | 34,000 |
| Purchases Returns | 750 |

One the basis of above information compute the following :

(a) Working capital Ratio

(b) Current Ratio

(c) Inventory Turnover

(d) Payable Turnover

### भाग -'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)

### Part-'C' (Computerised Accounting)

18. (क) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में सम्मिलित है: 1

(i) हार्डवेयर (ii) सॉफ्टवेयर

(iii) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर (iv) इनमें से कोई नहीं

Computerised accounting system consists of:

(i) Hardware (ii) Software

(iii) Hardware and Software (iv) None of these

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ख) कम्पनी के सृजन के लिए हम प्रयोग करते हैं: 1

(i) Alt+F1 (ii) Alt+F3

(iii) Alt+F2 (iv) Esc key

For creating a company we use:

(i) Alt+F1 (ii) Alt+F3

(iii) Alt+F2 (iv) Esc key

नोट : प्रश्न संख्या 19 तथा 20 में दिये गए कथनों के सम्मुख **'सत्य'** अथवा **'असत्य'** अंकित कर उन्हें अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

**Note :** In Question No. 19 & 20, mark **'True'** or **'False'** against the given statements and write them in your answer book.

19. गेटवे ऑफ टैली स्क्रीन छः भागों में बँटा रहता है। 1

Gateway of Tally Screen is separated into six sections.

20. प्राप्ति प्रमाणक देखने के लिए हम F6 चयन करते हैं। 1

To view the receipt voucher, we select F6.

21. लेखांकन में वर्कशीट का क्या उपयोग है? 2

What is the use of worksheet in accounting?

22. डॉटाबेस प्रणाली के संघटक कौन से हैं? इनमें से प्रत्येक को संक्षेप में समझाइये। 4

What are the components of database system? Explain each of these briefly.

23. कम्प्यूटराइज्ड एकाउंटिंग सिस्टम के कोई चार लाभ बताइए। 4

State any four advantages of computerised accounting system.

**अथवा /OR**

मैन्युअल तथा कम्प्यूटरीकृत लेखांकन पद्धतियाँ में अन्तर कीजिए।

Distinguish between manual and computerised accounting system.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

24. एक्सेस प्रोग्राम के 'टेबल' 'क्वेरी' और 'फॉर्म' के कार्यों का वर्णन संक्षेप में कीजिए। 6

Describe in brief the function of 'Table', 'Query' and 'Form' of Access program.

*****

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com